वाणिज्य में स्नातक
(बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

बी. सी. ओ.सी. -138: लागत लेखांकन

सत्रीय कार्य
2021–22

चतुर्थ सत्र

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

बी. सी. ओ.सी. -138: लागत लेखांकन

सत्रीय कार्य 2021—22

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है। खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 6 अंक के हैं। खण्ड - ग में दो अति लघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2021 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2021 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसंबर 2021 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे नया सत्रीय कार्य डाउनलोड करें और उसको 15 अक्टूबर 2021 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

प्रोग्राम का कोड	:	बी. कॉम
पाठ्यक्रम का कोड	:	बी. सी. ओ.सी. -138
पाठ्यक्रम का सत्र	:	चतुर्थ
पाठ्यक्रम का शीर्षक	:	लागत लेखांकन
सत्रीय कार्य का कोड	:	बी. सी. ओ.सी. -138/ टी. एम. ए./ 2021 - 22
खण्डों की संख्या	:	सभी खण्ड

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड - क

1. प्रभावी लगात लेखांकन व्यवस्था की क्या आवश्यकताएँ हैं ? **(10)**

2. मजदूरी भुगतान के विभिन्न तरीकों की व्याख्या, उनके लाभ और हानियों सहित कीजिए। **(10)**

3. जॉब लागत लेखांकन की परिभाषा दीजिए। उस उद्योग की क्या विशेषताएँ होती हैं जहाँ जॉब लागत लेखांकन लागू किया जा सकता है ? उचित उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। **(10)**

4. संयुक्त उत्पाद और उपोत्पाद के अर्थ स्पष्ठ कीजिए। संयुक्त उत्पादन लागतों के अनुभाजन की विधियों का वर्णन कीजिए। **(10)**

5. नीचे दिए गए आकंड़ों से मजदूरों की आय की गणना कीजिए : **(10)**

(i) समयानुसार मजदूरी **(ii)** कार्यानुसार मजदूरी **(iii)** हालसे विधि **(iv)** रोवन विधि

जॉब को पूरा करने का मानक समय 30 घण्टे। कुल समय 20 घण्टे। प्रति घण्टे दर 100 रु है और महंगाई भत्ता 50 रु प्रति घण्टे की दर से है।

खण्ड - ख

6. लागत लेखांकन और वित्तीय लेखांकन के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(6)**

7. लागत निर्धारण की विभिन्न विधियों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। **(6)**

8. कांट्रेक्ट लागत निर्धारण से आप क्या समझते हैं ? इसके उत्पादन और लागत की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। **(6)**

9. विक्रय और वितरण के ऊपरी खर्च के वर्गीकरण को समझाइए। **(6)**

10. “सेवा लागत निर्धारण लागत निर्धारण की ऐसी विधि है जिसमें प्रति इकाई सेवा की लागत की गणना की जाती है”। उचित उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। **(6)**

खण्ड – ग

11. निम्नलिखित के बीच अंतर बताइए : **(10)**

(क) प्रत्यक्ष लागत और अप्रत्यक्ष लागत

(ख) स्थायी लागत और परिवर्तनीय लागत

(ग) संयुक्त उत्पाद और उपोत्पाद

(घ) सामान्य प्रक्रिया हानि और असामान्य प्रक्रिया हानि

12. निम्नलिखित पर संक्षिप्त में टिप्पणी लिखिए : **(10)**

(क) फैक्टरी उपरिव्ययों का अवशोषण

(ख) अभिभाज्य और गैर अभिभाज्य लेखांकन

(ग) इकाई लागत लेखांकन

(घ) सेवा लागत लेखांकन